mmes, subject to overall availability of funds and relative priorities of various stations. In this regard, an expenditure of Rs. 67.36 crore was incurred during 1993-94 and an allocation of Rs. 67.25 crore has been made for the year 1994-95.

रेलवे प्लेटफार्मों पर स्टाल का आवंटन

541. **श्री ईश दत्त यादव :**
श्री आस मोहम्मद :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेल मंत्री ने अपने विवेकाधीन कोटे से रेलवे प्लेटफार्मों पर स्टालों का आवंटन किया है ;

(ख) यदि हां, तो गत दो वर्षों के दौरान इस प्रकार के कितने आवंटन किये गये ; और

(ग) इसका क्षेत्रवार ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्री (श्री सी. के. जाफर शरीफ) : (क) से (ग) वर्ष 1993 और 1994 के दौरान विशेष मामले के रूप में मंत्रालय द्वारा 98 स्टाल आवंटित किए गए हैं। जोनवार विवरण इस प्रकार है :—

रेलवे	आवंटित किए गए स्टाल
मध्य	16
पूर्व	1
उत्तर	14
पूर्वोत्तर	2
पूर्वोत्तर सीमा	1
दक्षिण	11
दक्षिण मध्य	14
दक्षिण पूर्व	4
पश्चिम	35

रेलवे द्वारा माल यातायात

542. **चौधरी हरमोहन सिंह :**
श्री आस मोहम्मद :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे द्वारा माल ढोने के सम्बन्ध में कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप रेल द्वारा माल के यातायात से प्राप्त होने वाले राजस्व की हानि हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान माल यातायात से कुल कितना राजस्व प्राप्त हुआ है एवं कितने माल की ढुलाई की गई है।

(ग) क्या यह भी सच है कि माल यातायात की काफी सम्भावनायें हैं; और

(घ) इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

रेल मंत्री (श्री सी. के. जाफर शरीफ) : (क) अर्थव्यवस्था के विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों द्वारा दिए गए प्रक्षेपणों के आधार पर माल भाड़ा यातायात की सम्भावनाओं का मूल्यांकन किया जाता है।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान 946.61 बिलियन टन राजस्व उत्पादक माल यातायात का लदान किया गया जिससे लगभग 32,922 करोड़ रुपए की आमदनी हुई।

(ग) और (घ) वर्ष 1995-96 के लिए यातायात हेतु आंकी गयी सम्भावना 398 बिलियन टन आंकी गयी है।

सांची-मध्य प्रदेश में दिल्ली-भोपाल शताब्दी एक्सप्रेस का रुकना

543. **श्री राघवजी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त पर्यटन स्थल सांची में विदेशी पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए वहां दिल्ली-भोपाल शताब्दी एक्सप्रेस के रुकने का प्रावधान करने का विचार किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;